हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार 28 फरवरी 2026

12 'डोरी खेंच के राखिजे, यो है बाबा को निशान' पर झूमे श्यामभक्त



12 गांव लकड़ांवाली में एडीसी व एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



## खबर संक्षेप

### मकान से चोरी का आरोपी किया काबू

**टोहाना।** चोरों ने टोहाना में एक मकान से हजारों रुपये की नकदी व सोने की बालियां चोरी कर ली। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार भी किया है। आरोपी की पहचान दीपक उर्फ राजू पुत्र सुशील निवासी गीता कॉलोनी, टोहाना के रूप मे हुई है।

### नप पार्षद पूजा मित्तल का निधन

**टोहाना।** शहर की वार्ड-7 पार्षद पूजा मित्तल का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। लगभग 40 वर्षीय पूजा मित्तल के निधन से नगर में शोक की लहर दौड़ गई है। गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को डांगरा रोड स्थित स्वर्गाश्रम में किया गया। क्षेत्र के राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े अनेक लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

### 13वें विशाल लेदर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**सिरसा।** गांव कुसुंभी में आयोजित 13वीं विशाल लेदर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। युवा कांग्रेस नेता मोहित शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की और खिलाडिय़ों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। मोहित शर्मा ने कहा कि युवाओं में खेलों के प्रति बढ़ता रुझान बेहद सराहनीय है। खेल अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस तरह के टूर्नामेंट युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच प्रदान करते हैं।

### इंटर कॉलेज साइंस क्विज में जीसीडब्ल्यू तृतीय

**सिरसा।** शाह सतनाम जी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित इंटर कॉलेज साइंस क्विज प्रतियोगिता में राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रेस प्रवक्ता डॉ. कपिल कुमार सैनी ने बताया कि जीसीडब्ल्यू की ओर से रचना (बीएससी नॉन-मेडिकल), अनुष्का (बीए) एवं संजना (बीएससीनॉन-मेडिकल) ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

### राजेंद्र स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राएं छाईं

**सिरसा।** पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज रोहतक द्वारा जीएनएम प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है, जिसमें राजेंद्र स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में अपना परचम लहराया है। जिले के टॉपर्स में राजेंद्र स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्रा विजयलक्ष्मी ने 500 में से 383 अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि जस्मीत ने 500 में से 380 अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा संस्थान की छात्रा शीतल ने 500 में से 369 अंक प्राप्त कर कॉलेज में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### पांच शाम-कन्हैया के नाम सत्संग आज से

**सिरसा।** होली पर्व पर 15वां विशाल पांच दिवसीय पांच शाम-कन्हैया के नाम सत्संग अनाज मंडी रानियां में आगामी 28 फरवरी से 4 मार्च तक भुवनेश्वरी देवी महाराज के आगमन पर श्री सतगुरू ट्रस्ट, हरि सिमरन मंडल व श्री दुर्गा कमेटी के तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रतिदिन रात 8.30 से 10.30 तक कटड़ा-बटौत वाले साध्वी भुवनेश्वरी देवी महाराज अपने मुखारविंद से अमृत वर्षा करेंगी।

## टी-20 वर्ल्डकप: फतेहाबाद में 50 एक्टिव क्रिकेट बुकी, सैकड़ों परिवार बर्बाद

# लॉन्ग ड्राइव के साथ फार्म हाऊसों में चल रहा सट्टा, रतिया से युवक पकड़ा

सुरेन्द्र असीजा ⏭ फतेहाबाद

आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के मैचों पर जमकर सट्टा लगाया जा रहा है। जैसे ही सुपर-8 मैच शुरू हुए सट्टा बाजार की पिच पर हार-जीत की बाजीगरी शुरू हो गई है। फतेहाबाद में क्रिकेट बुकीज अपने साजों-सामान लेकर बाजार में कूद चुके हैं। क्रिकेट सट्टेबाजों पर नकेल कसने को लेकर फतेहाबाद पुलिस भी अलर्ट है। सीआईए टोहाना की टीम ने रतिया में एक घर में छापेमारी कर एक युवक को क्रिकेट सट्टेबाजी करते रंगे हाथ काबू किया। पकड़ा गया युवक भारत-जिम्बाबे मैच पर सट्टा लगवा रहा था। बता दें कि फतेहाबाद में इस समय 50 से ज्यादा क्रिकेट बुकीज है, जिनसे यहां के सैंकड़ों युवा करोड़ों रुपये का क्रिकेट सट्टा लगाते हैं। टी-20 वल्ड कप में फतेहाबाद के अनेक युवा बर्बाद हो रहे हैं वहीं कई बुकीज जमकर चांदी कूट रहे है। यहां के सैंकड़ों परिवार क्रिकेट सट्टा से बर्बाद हो चुके हैं। वल्ड कप शुरू होते ही इन परिवारों के बुजुर्गों की आंखों की नींद व चेहरे से रौनक गायब हो जाती है।

**सट्टेबाजों पर नकेल कसने को लेकर पुलिस अलर्ट**



फतेहाबाद। रतिया में क्रिकेट सट्टेबाजी के आरोप में पकड़ा गया युवक।

### खाईवालों की कुंडली तैयार

फतेहाबाद पुलिस की एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट ने सटोरियों की कुंडली तैयार कर रखी है और लगातार रेड की जा रही है। पिछले साल पकड़े गए खाईवालों की पड़ताल शुरू कर दी गई है। वहीं, देखा जा रहा है कि वे अभी हैं कहां। उनके बारे में तलाश की जा रही। इसके अलावा संदिग्ध ठिकानों के आसपास पुलिस ने अपनी गश्त तेज कर दी है और सादी वर्दी में पुलिस कर्मी इन जगहों पर नजर रखे हुए हैं। शहर के करीब 50 क्रिकेट बुकी की कुंडली पुलिस के पास है और सभी सटोरिये पुलिस की रडार पर है।

### हाईटेक मशीन से खेल

सटोरियों ने हाईटेक जमाने में खुद को भी हाईटेक कर लिया है। अब फोन पर कॉल या मैसेज के बजाय ज्यादातर बुकिंग वाट्सएप या अन्य इंटरनेट मीडिया साइट्स से ले रहे हैं। सट्टा खिलाने के लिए हाईटेक मशीनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे सीधे-सीधे बुकिंग हो जाती है। इसके साथ लॉन्ग ड्राइव के साथ फार्म हाऊसों भी चल रहा सट्टा चल रहा है। दांव जीतने पर पेमेंट की जानकारी भी इसी तरह से दी जा रही है।

### रतिया में भारत-जिम्बाब्वे मैच के दौरान चल रहा था क्रिकेट सट्टा, सीआईए ने मारा छापा

भारत-जिम्बाब्वे मैच के दौरान क्रिकेट सट्टेबाजी करने वाले एक नेटवर्क का सीआईए टोहाना की टीम ने भंडाफोड किया है। सीआईए टोहाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को पिछले कुछ दिनों से लगातार इनपुट मिल रहे थे कि रतिया शहर में बड़े स्तर पर क्रिकेट मैचों के दौरान सट्टा कारोबार संचालित किया जा रहा है। इस सूचना पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए और गुप्त सूचना के आधार पर रतिया के पुराना बाजार, गुरुद्वारा बस्ती स्थित पारस उर्फ हन्नी जैन पुत्र चन्द्र जैन के घर पर योजनाबद्ध तरीके से रेड की। रेड के दौरान भारत और जिम्बाब्वे की टीमों के बीच चल रहे क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाया जा रहा था। उपनिरीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी पारस उर्फ हन्नी जैन को सट्टा खिलाते हुए रंगे हाथों काबू किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी तीन मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित कर रहा था।

### फार्म हाऊसों व कारों में बना रखे हैं ठिकाने

सट्टा खिलाने वाले शहर के बड़े बुकियों के एजेंट्स ने शहर के डीएसपी रोड, भट्टा कालोनी, सोमा सिटी, मॉडल टाऊन, तहसील चौक, धर्मशाला रोड के अलावा शहर के साथ लगते फार्म हाऊसों में अपना ठिकाना जमा लिया है। दरअसल, पुलिस की नजर से बचने के लिए बुकी यहां कारों में बैठकर, लोंग ड्राइव पर चलते हुए भी यह काम बड़ी आसानी से कर रहे हैं। इसके अलावा शहर के होटलों में भी इसको लेकर क्रिकेट बुकियों ने सभी तैयारियां पूरी कर रखी हैं। बड़े बुकी शहर से बाहर रहते हुए अपने एजेंट्स (पंटर) के जरिए सैंकड़ों को लाइन देकर लाखों का सट्टा खिला रहे हैं। ये एजेंट फतेहाबाद के पुराने शहर को छोडकर आस-पास के आउटर इलाके में सट्टे चला रहे है। खासकर शिव चौक व एमसी कालोनी का इलाका इन बुकियों का केन्द्र माना जाता है।



भूना। नगर पालिका की चेयरपर्सन अर्पणा पसरीजा कार्यालय में हाजिरी रजिस्टर चेक करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## चेयरपर्सन के निरीक्षण के बाद सचिव समेत तीन को नोटिस

■ चेयरपर्सन बोलीं: गैरहाजिरी की मिल रही थीं शिकायतें, सचिव ने कहा-डीसी की बैठकों में था, आरोप निराधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

नगर पालिका भूना में चेयरपर्सन प्रतिनिधि और अधिकारियों के बीच चल रही अंदरूनी खींचतान अब खुलकर सामने आ गई है। शुक्रवार सुबह करीब 9:15 बजे चेयरपर्सन अर्पणा पसरीजा ने पालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ कमरों में कुर्सियां खाली मिलने पर उन्होंने नगर पालिका सचिव दीपक कुमार सहित दो कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। चेयरपर्सन अर्पणा पसरीजा का कहना है कि उन्हें लगातार अधिकारियों और कर्मचारियों के समय पर उपस्थित न रहने की शिकायतें मिल रही थीं। इसी के चलते वे अचानक जांच के लिए कार्यालय पहुंचीं। उनके अनुसार उस समय नगर सचिव दीपक कुमार, डाटा ऑपरेटर भूप सिंह और माली निखिल कुमार मौके पर मौजूद नहीं थे। हालांकि जेई और अन्य कर्मचारी बाद में पहुंच गए। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी तय करने के लिए संबंधित कर्मचारियों से जवाब मांगा गया है। दूसरी ओर नगर पालिका सचिव दीपक कुमार ने आरोपों को सिरे से खारिज किया है।

### नोटिस देना गलत

सचिव ने यह भी स्पष्ट किया कि डाटा ऑपरेटर भूप सिंह पूर्व स्वीकृत अवकाश पर थे, जबकि माली निखिल कुमार थोड़ी देरी से कार्यालय पहुंचे थे। बिना तथ्य जाने नोटिस जारी करना उचित नहीं है। उल्लेखनीय है कि 11 फरवरी को उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने भी नगर पालिका का औचक निरीक्षण किया था। उस दौरान चेयरपर्सन प्रतिनिधि मास्टर पंकज पसरीजा ने अधिकारियों पर खुलकर आरोप लगाए थे और सस्पेंड करने तक की चेतावनी दी थी। इधर, पालिका अधिकारियों का कहना है कि पिछले चार दिनों में 11 गलियों में इंटरलॉक लगाने और करीब एक करोड़ रुपए की लागत से तालाब की खुदाई व सफाई के टेंडर जारी किए जा चुके हैं। ऐसे में कार्रवाई को विकास कार्यों की बजाय अंदरूनी विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। अब सभी की नजर संबंधित कर्मचारियों के जवाब और आगे की कार्रवाई पर टिकी है।

## आईटीआई छात्रों पर गुंडागर्दी का आरोप

■ ड्यूटी इंचार्ज बोले: जानबूझ कर करते हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

टोहाना में रोडवेज बस में लटक कर सफर करने वाले आईटीआई विद्यार्थियों का वीडियो वायरल होने के बाद रोडवेज स्टाफ भडक़ गए हैं। घटना के बाद टोहाना बस स्टैंड के ड्यूटी इंचार्ज महेंद्र पृथला ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर इन विद्यार्थियों पर अड्डा परिसर में गुंडागर्दी करने का आरोप लगाया है। ड्यूटी इंचार्ज का आरोप है कि बसों की कमी नहीं है, बल्कि छात्र जान बूझकर स्टाफ को परेशान करते हैं और बसों में लटक कर यात्रा करते हैं। यह छात्र जान बूझकर शहतलाई जाने वाली रोडवेज बस में सफर करते हैं ताकि अन्य यात्रियों को परेशानी हो। बसों के अंदर जगह खाली होने के बावजूद वे बाहर लटके रहते हैं। ड्यूटी इंचार्ज ने बताया कि जाखल की ओर जाने वाली अन्य बसें भी इसी रूट पर खाली जाती हैं, लेकिन ये छात्र उनमें सफर नहीं करते।

### वायरल वीडियो में क्या कह रहे

ड्यूटी इंचार्ज की वायरल वीडियो में कहा कि ओ नीली वर्दी आले, कहां जाना है तुझे। बस जाने लग रही है, इसमें चढ़ लो। फिर ड्यूटी इंचार्ज कहते दिख रहे हैं कि ये बच्चे आईटीआई के हैं और नहर के पुल पर उतरते हैं और बस खिडक़ी में लटक के बस को रोक कर स्टाफ को तंग करते हैं। रोडवेज के पास बसों की कमी नहीं हैं, हमारे पास गाडिय़ां बहुत है। स्टाफ भी हमारे पास बहुत है। ये बच्चे जान-बूझकर खिडक़ी में लटकते हैं। एक गाड़ी फतेहाबाद जा रही है, एक जाखल जा रही है, स्पेशल गाडिय़ां बच्चों के लिए लगाई हैं। ड्यूटी इंचार्ज कह रहे हैं कि बिल्कुल गाड़ी खाली है, स्टूडेंट गाड़ी में नहीं चढ़ते। फिर साथ वाली गाड़ी में चढक़र स्टाफ को तंग करते हैं और सवारियों को तंग करते हैं। ये बच्चे गुंडागर्दी करते हैं। आईटीआई स्टाफ से निवेदन है कि इन बच्चों को स्कूल में सुधारे। यदि आइंदा से ऐसी बात हुई, तो हम इनको कल बस में नहीं बैठने देंगे।

## तेज रफ्तार कार का तांडव, कई बाइक रौंदीं

■ दुकानदारों ने चालक को दबोचा, पुलिस मौके पर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

शहर के बस स्टैंड के पास स्थित पालिका मार्केट में शुक्रवार शाम उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही का नंगा नाच दिखाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चालक युवक बेहद तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था।मार्केट में प्रवेश करते ही अनियंत्रित कार ने दुकानों के बाहर खड़ी कई मोटरसाइकिलों को बुरी तरह रौंद डाला। वाहनों को क्षतिग्रस्त करते हुए कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि वह सीधे एक दुकान में जा घुसी। दुकानदार प्रदीप ,सुरेश,कौशल,लवली,राजीव ने बताया कि गाड़ी की रफ्तार इतनी यही की गनीमत रही कि इस दौरान कोई पैदल यात्री कार की चपेट में नहीं आया, वरना बड़ा जानी नुकसान हो सकता था।टक्कर की आवाज सुनते ही मार्केट के दुकानदार और राहगीर मौके पर एकत्रित हो गए। गुस्से में आए कुछ लोगों ने चालक को पकड़कर उसकी धुनाई शुरू कर दी, लेकिन मौके पर मौजूद प्रबुद्ध नागरिकों ने बीच-बचाव किया। स्थिति बिगड़ती देख दुकानदारों ने चालक को एक दुकान के अंदर सुरक्षित बिठाया और तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया।सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और भीड़ के बीच से चालक को सुरक्षित निकाल कर सिटी थाना ले गई। सिटी थाना प्रभारी पुष्पा सिहाग ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस की मौके पर पहुंची थी और गाड़ी चालक को शहर थाने में लाया गया है तथा पूछताछ की जा रही है।



रतिया। पालिका मार्केट में हादसे के बाद दुकान में घुसी हुई कार। फोटो: हरिभूमि

## वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश छह टू-व्हीलर किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से पांच इलेक्ट्रिक स्कूटी एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। एबीवीटी स्टाफ प्रभारी गुरमेश ने बताया कि रविंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने बच्चों को स्कूल से लेने के लिए बी ब्लॉक स्थित जीआरजी स्कूल में गया हुआ था। स्कूटी को स्कूल के बाहर गेट पर खड़ी कर बच्चों को लेने स्कूल के अंदर चला गया। कुछ समय बाद वापस आकर देखा तो अज्ञात युवक स्कूटी लेकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना शहर सिरसा में चोरी का मामला दर्ज कर जांच एबीवीटी स्टाफ सिरसा पुलिस को सौंपी गई थी। पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी राधेश्याम अरनियांवाली जिला सिरसा को बाईपास रोड सिरसा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।



सिरसा। चोरीशुदा इलेक्ट्रिक स्कूटी व मोटरसाइकिल सहित पकड़ा गया आरोपी।

## नकदी व सोना हड़पकर भागे ज्वैलर की दूसरी बार जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

शहर से लोगों के लाखों रुपये व सोना लेकर फरार हुए शहर के एक ज्वैलर्स की दूसरी बार अग्रिम जमानत रद्द हो गई है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तरूण सिंघल की अदालत में दूसरी बार अग्रित जमानत रद्द होने के बावजूद आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। इस मामले में टोहाना के 8 लोगों ने थाना शहर टोहाना में एफआईआर दर्ज करवाई थी। बता दें कि शहर की पुरानी सब्जी मंडी स्थित वी.वी. ज्वेलर्स के संचालक पवन वर्मा उर्फ नीनू वर्मा लाखों रुपये और सोना लेकर फरार होने के गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़ितों का आरोप है कि पवन वर्मा को उन्होंने पुराना सोना देकर जेवरात बनाने लिए ऑर्डर दिया था, जबकि कुछ ने नकद रुपए दिए थे। अब तक सामने आए आठ लोगों ने लगभग 50 लाख रुपये नकद और करीब 40 तोले सोना हड़पने का आरोप लगाया है। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद टोहाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले के उजागर होने के बाद अन्य संभावित पीड़ित भी आगे आने लगे हैं। करीब 6 महीने से फरार बताए जा रहे इस ज्वैलर ने गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट का सहारा लिया लेकिन कोर्ट ने उसकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## एसडीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

बोर्ड परीक्षाओं को पूरी तरह से नकल रहित संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन लगातार सक्रिय है। शुक्रवार को 12वीं की परीक्षा के दौरान कालांवाली के एसडीएम मोहित कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पीपली, एसएसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालांवाली आदि परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते हुए विद्यार्थियों को दी जा रही मूलभूत सुविधाएं भी जांची। एसडीएम मोहित कुमार ने परीक्षा केंद्रों पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को पूर्णतः नकल मुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



सिरसा। एसडीएम परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### प्रशासन की केंद्रों पर कड़ी निगरानी

जिला प्रशासन इस दिशा में पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है, और परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं, बिजली, पंखे, जैमर, पेयजल, शौचालय और साफ सफाई आदि व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और परीक्षा केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों से भी व्यवस्था जांची।

## गांव रामपुरा ढिल्लों में महापंचायत में लिए कई अहम फैसले

# किन्नर समाज को बधाई के मिलेंगे 11 सौ रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौपटा

क्षेत्र के गांव रामपुरा ढिल्लों में शुक्रवार को गांव की गौशाला में सर्व-समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के हित के लिए कई अहम फैसले लिए गए। इस बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि समाज में विवाह या पुत्र प्राप्ति पर किन्नर समाज को दी जाने वाली बधाई 11 सौ रुपये होगी। इस दौरान गांव के सरपंच रविल सिंह सिंवर ने बताया कि किसी भी प्रकार के सामान बेचने वाले व भिखारियों के लिए गांव में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। गांव में विवाह-शादियों व अन्य खुशी के अवसरों पर डीजे का समय रात्रि 11 बजे तक रहेगा व जिस दिन बारात आएगी उस दिन इस पर प्रतिबंध नहीं होगा। गांव की फिरनी के अंदर ट्रैक्टर पर डीजे नहीं बजाया जाएगा व सब्जी बेचने वालों के वाहन पर लगे स्पीकर पर प्रतिबंध रहेगा। गांव का कोई भी आदमी नशे के लिए पकड़ा जाता है तो इसके लिए पुलिस से उसको छूड़ाने के लिए गांव का कोई भी व्यक्ति नहीं जाएगा।



सिरसा। गांव रामपुरा ढिल्लो में महापंचायत करते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### बैठक ये रहे मौजूद

इस बैठक में पूर्व सरपंच भागीरथ, युधिष्ठिर, सुरजीत, राजवीर, भजनलाल, जगदीश, मुकेश, राजेंद्र सिंह, प्रहलाद, लीलुराम, राजेंद्र गोदारा, महेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार, गुरप्रीत सिंह, प्रधान कृष्ण कुमार, रामपाल, राममुर्ति, नंदलाल ढिल्लों, धनपत, बलवंत सिंह, जयपाल, सुभाष, सुमित, बुधराम, रामसिंह, भागमल, पीरचंद, वेदप्रकाश ढिल्लों, दयासिंह, ओमप्रकाश ढिल्लों, धर्मपाल सहित अन्य ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे व सभी शर्तों के पालन करने की शपथ ली।



## आठ मार्च को सिरसा आएंगे मुख्यमंत्री

■ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

**सिरसा।** आगामी आठ मार्च को चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों से विचार विमर्श करते हुए ड्यूटियां लगाई। अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी निर्धारित ड्यूटी अनुसार कार्य को समय पर पूरा करवाना सुनिश्चित करें।



# तू या मैं के फ्लॉप होने से निराश हुए आदर्श

**मुंबई।** अभिनेता आदर्श गौरव हाल ही में फिल्म 'तू या मैं' में नजर आए थे। फिल्म में आदर्श के अभिनय की जमकर प्रशंसा भी हुई। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो सकी। अब फिल्म के कलेक्शन पर आदर्श ने निराशा व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने लोगों से नए कलाकारों की ऐसी प्रयोगात्मक फिल्मों को एक मौका देने की भी अपील की। फिल्म के प्रदर्शन पर निराशा जताते हुए एक्टर ने कहा कि अगर ऐसा ही रहा तो मुझ जैसे कलाकार कहां जाएंगे? नए कलाकार कहां जाएंगे?

लाइफ Style

# डेजी

## परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस डेजी शाह ने हाल ही में शादी और मां बनने को लेकर अपनी सोच खुलकर शेयर की है। डेजी शाह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शादी को डरावना बताया है और उन्होंने साफ कहा कि उनके लिए परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है। साथ ही मां बनने को लेकर भी उन्होंने बड़ा फैसला लिया है।

एक इंटरव्यू में, 'जय हो' की एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने अपने एग्स फ्रीज करवा लिए हैं, ताकि भविष्य में जब भी वे चाहें, वे मां बन सकें। उनका कहना है कि वे अपनी जिंदगी के फैसले अपनी शर्तों पर लेना चाहती हैं। डेजी ने माना कि आजकल रिश्तों से जुड़ी खबरें उन्हें परेशान करती हैं। उन्होंने कहा, 'हर दिन कुछ ना कुछ हो रहा है, कपल्स के ब्रेकअप या वो 'ब्लू ड्रम' जैसे चौंकाने वाले मामले। ये सब बहुत डरावना है।' हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने शादी को लेकर ज्यादा सोचा नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शादी करेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया कि यह फैसला उन्होंने 'ऊपरवाले पर छोड़ दिया है।' इंटरव्यू के दौरान जब उनसे 'प्यार' और 'पैसा' में से एक चुनने को कहा गया, तो 41 साल की एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्हें दोनों चाहिए। उनका मानना है कि रिश्ते में इमोशनल कनेक्शन के साथ-साथ आर्थिक रूप से मजबूत होना भी जरूरी है। वे चाहती हैं कि उनका पार्टनर खुद से आर्थिक रूप से सुरक्षित और स्वतंत्र हो। मदरहुड पर बात करते हुए डेजी ने साफ कहा, 'परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है।' उन्होंने बताया कि उन्होंने एग फ्रीज करवाने का फैसला इसलिए लिया।



हॉलीवुड मसाला




### वॉर्नर ब्रदर्स... को नहीं खरीदेगा

# नेटफ्लिक्स

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स और वॉर्नर ब्रदर्स की डील पिछले साल शुरू हुई थी। अब यह डील लगभग खत्म हो गई है। नेटफ्लिक्स इस डील से पीछे हट गया है। नेटफ्लिक्स ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी को खरीदने का अपना प्रस्ताव वापस ले लिया है। इससे कई महीनों से चल रही बोली की लड़ाई में पैरामाउंट स्काइडांस आगे हो गई है। वॉर्नर ब्रदर्स ने गुरुवार को कहा कि पैरामाउंट की नई पेशकश नेटफ्लिक्स से बेहतर है। पैरामाउंट ने कुछ दिन पहले अपनी पेशकश बढ़ाते हुए प्रति शेयर 1 डॉलर अधिक देने पर सहमति जताई थी। नेटफ्लिक्स ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के लिए अपनी बोली बढ़ाने से मना कर दिया।



# रॉबर्ट ने रोते हुए कहा- आप लोगों को बांट नहीं सकते

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सबसे महान एक्टर्स में शुमार 82 साल के रॉबर्ट डी नीरो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 'देश का दुश्मन' बताया है। उन्होंने ट्रंप सरकार की नीतियों का खुलकर विरोध किया है। यही नहीं, सोमवार को वह अमेरिका के हालात पर बात करते हुए भावुक भी हो गए। उनकी आंखों में आंसू आ गए। रॉबर्ट डी नीरो अपने बेबाक राजनीतिक विचारों के लिए जाने जाते हैं। यह सब तब हुआ, जब वह निकोल वॉलेस के पॉडकास्ट, 'द बेस्ट पीपल' में न्यूयॉर्क शहर और पूरे अमेरिका में हालात पर अपनी गहरी चिंता जाहिर कर रहे थे। रॉबर्ट डी नीरो ने चेतावनी दी कि डोनाल्ड ट्रंप का राज न्यूयॉर्क के लोगों के खिलाफ बदले की कार्रवाई शुरू कर सकता है। लोग जाने वाले नहीं हैं, भले ही ट्रंप किसी वजह से मर जाएं।' आपको लोगों को ऊपर उठाना होगा। आपको उन्हें एक साथ लाना होगा। बस। आप लोगों को बांट नहीं सकते।



# अस्सी को लेकर शेयर किया वीडियो...

**मुंबई।** अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी तापसी पन्नू स्टारर फिल्म 'अस्सी', इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म को क्रिटिक्स से जबरदस्त प्रशंसा मिली है। वहीं, इसे देखने वाला भी हर इंसान फिल्म की तारीफ कर रहा है। हालांकि, तमाम प्रशंसाओं के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। अब अभिनेत्री तापसी ने फिल्म को लेकर एक वीडियो बनाया है, जिसमें उन्होंने फिल्म को मिल रही तारीफों और रिव्यूज की बात की। वीडियो में तापसी ने 'थप्पड़' से लेकर 'अस्सी' तक के बारे में बात की। साथ ही लोगों से फिल्म देखने की अपील भी की है। तापसी कहती हैं, 'कुछ फिल्में होती हैं, जिनके लिए मैसेज आते हैं कि क्या कमाल की कहानी है। लेकिन, कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनके लिए संदेश आते हैं कि ये फिल्म करने के लिए थैंक्यू।



# वफादारी पर लिखी दुख भरी बात...

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन न सिर्फ स्क्रीन पर बल्कि सोशल मीडिया के जरिए भी फैंस का दिल जीत लेते हैं, चाहे वो उनके ट्वीट हों या ब्लॉग पर रोजाना की अपडेट। उनके देर रात के पोस्ट अक्सर फैंस का मनोरंजन करते हैं और कभी-कभी उन्हें उलझन में भी डाल देते हैं। हाल ही में, वफादारी पर उनकी एक बात ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। उनके ट्वीट ने फैंस को खूब हंसाया। शुक्रवार (27 फरवरी) की सुबह, एक्टर ने एक वाक्य लिखा जिसने तुरंत सबका ध्यान खींचा। उन्होंने लिखा, 'वफादार लोग दुनिया के हर कोने में मिलते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से, पृथ्वी गोल है।' हालांकि, इस कथन का सटीक अर्थ स्पष्ट नहीं हो सका, लेकिन इसने रिएक्शन्स की बाढ़ ला दी। फैंस ने हंसी और अटकलों के साथ रिएक्शन दिया।

टीवी मसाला




# कपिल के शो में लंगर लगा हुआ है, आधा पंजाब उसमें है : सुनील

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल ने एक बार फिर कपिल शर्मा और उनके शो के बारे में बात की है। सुनील ने कहा है कि उन्हें कपिल से कोई शिकायत या मतभेद नहीं है, पर वह उनके शो में तभी जाएंगे, जब कॉमेडियन को वाकई उनकी जरूरत होगी। सुनील ने कहा कि कपिल के शो में लंगर लगा हुआ है, आधा पंजाब उसी में है। एक समय था जब कॉमेडियन सुनील पाल का खूब जलवा था। वह टीवी पर खूब कॉमेडी करते नजर आते थे, पर काफी समय से न सिर्फ कॉमेडी से दूर हैं, बल्कि किसी प्रोजेक्ट में भी नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि, वह अपने बयानों के कारण सुर्खियों में बने रहते हैं। साल 2024 में सुनील पाल तब सुर्खियों में आ गए थे, जब उन्हें हरिद्वार एक इवेंट में बुलाने के नाम पर कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था और फिरौती की मांग की गई थी। हालांकि, सुनील पाल के कपिल शर्मा संग रिश्ते की भी खूब चर्चा रही है। अतीत में कई मौकों पर सुनील पाल, कपिल शर्मा के शो और उसके कंटेंट पर कटाक्ष करते नजर आए, पर अब सिर्फ तारीफ है। सुनील पाल ने एक पॉडकास्ट में कहा है कि उनका कपिल के साथ कोई मतभेद नहीं है। बल्कि वह तो उन्हें अपने शो में बुलाते रहते हैं, लेकिन वह तभी जाएंगे जब कॉमेडियन को वाकई उनकी जरूरत होगी। सुनील पाल ने हाल ही कपिल शर्मा की तारीफ करते हुए कहा, 'मुझे कपिल शर्मा से कोई शिकायत नहीं है। बल्कि मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं। कपिल पिछले 12 साल से अपना शो चला रहे हैं। वह बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और हमेशा अपने दोस्तों की तरक्की का भी पूरा ख्याल रखते हैं। वह दुनिया के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले कॉमेडियन हैं।'

## सर्जरी के बाद घर लौटकर बयां किया दर्द

**नई दिल्ली।** 'ससुराल सिमर का' फेम एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ भले ही छोटे पर्दे से दूर हैं, लेकिन लाइमलाइट में बराबर बनी रहती हैं। पिछला कुछ



वक्त उनके लिए मुश्किल से भरा हुआ भी रहा। पहले दीपिका कक्कड़ को लिवर कैंसर हो गया था और फिर सिस्ट। कैंसर के इलाज के बीच जब एक्ट्रेस को सिस्ट हुआ तो वह फैंस को इसकी जानकारी देते हुए इमोशनल हो गई थीं। हाल ही में दीपिका कक्कड़ ने रिवील किया कि उन्होंने उनकी सिस्ट की सर्जरी हो गई है और वह घर लौट आई हैं। घर लौटने के बाद एक्ट्रेस ने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर कर फैंस के साथ अपना दर्द बयां किया है। उन्होंने कहा कि उनका सिस्ट 13 एमएम का था, जिसे ईएफए नाम के एक प्रोसेस के जरिए जला दिया गया था। सर्जरी हो गई है, लेकिन दर्द अभी भी है। दीपिका ने आगे कहा, 'कल रात हम घर लौट आए। पूरा प्रोसेस ठीक रहा। लोग आपको तैयार करते हैं कि यह दोबारा हो सकता है। लेकिन, जब यह असल में होता है, तो इससे निपटने में समय लगता है।

# भाई तेरा यार है में लीड रोल निभाएंगे राघव, शूटिंग शुरू

**मुंबई।** डांसर से एक्टर बने राघव जुयाल अपनी जिंदगी के एक नए और बड़े पड़ाव में कदम रख चुके हैं। उन्होंने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। द बैड्स ऑफ बॉलीवुड की शानदार सफलता के बाद राघव अब पहली बार बतौर लीड एक्टर किसी फिल्म का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इससे पहले वे द बैड्स ऑफ बॉलीवुड और किल फिल्म में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राघव फिल्म 'भाई तेरा यार है' में नजर आएंगे। इस हफ्ते फिल्म की शूटिंग दोबारा शुरू हुई है।

पहले शूटिंग शेड्यूल को बीच में ही रोकना पड़ा था क्योंकि राघव का पैर टूट गया था। उस वक्त पूरी टीम को लंदन से वापस लौटना पड़ा था। अब राघव पूरी तरह ठीक हो चुके हैं और फिल्म की शूटिंग फिर से पटरी पर आ गई है। इस फिल्म का निर्देशन विवेक अग्रवाल कर रहे हैं, जो 'आई सी यू' के लिए जाने जाते हैं, जिसमें अर्जुन रामपाल नजर आए थे। राघव के लिए यह फिल्म खास है क्योंकि इससे पहले किल और 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में उन्होंने अहम भूमिकाएं निभाई थीं, लेकिन 'भाई तेरा यार



है' में वह पहली बार लीड रोल में दिखाई देंगे। राघव की झोली में और भी बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। वे नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में रावण के बड़े बेटे मेघनाद का किरदार निभाते नजर आएंगे। उनका रोल फिल्म के पार्ट 2 में दिखेगा। इसके अलावा, राघव शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' का भी हिस्सा हैं। इस फिल्म को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें सुहाना खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इसी के साथ राघव 'द पैराडाइज' का भी हिस्सा हैं। इस मल्टीलिंगुअल फिल्म में नानी, कयादू लोहार, मोहन बाबू और सोनाली कुलकर्णी लीड रोल में हैं। यह फिल्म 21 अगस्त को रिलीज होगी।

# जबरदस्ती इंटीमेट सीन्स को लेकर भाग्यश्री ने जताई नाराजगी

**मुंबई।** भाग्यश्री पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। वो सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। ऐसे में अब एक्ट्रेस अपने एक इंटरव्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है, जिसमें उन्होंने फिल्मों में दिखाए जाने वाले इंटीमेट सीन्स को लेकर बात की। भाग्यश्री ने 90 के दशक और आज के सिनेमा के बीच के अंतर के बारे में बात की, और कहा कि आज फिल्मों में जबरदस्ती इंटीमेट सीन्स दिखाने की जरूरत नहीं है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि आज के सिनेमा में उन्हें कौन से बदलाव पसंद हैं और कौन से नहीं, तो भाग्यश्री ने कहा, 'सिनेमा समाज को दिखाता है। 90 के दशक में, यह एकमात्र मनोरंजन था, एकमात्र ऐसी जगह थी जो परिवार को एक साथ समय बिताने का मौका देती थी। आज, परिवार छोटे हो गए हैं, लोग ज्यादा अपने-आप में सोचते हैं, और क्रिएटिव आर्ट के कई तरीके हो गए हैं। इसलिए, चॉइस भी बहुत हैं।' भाग्यश्री ने आगे कहा, 'हालांकि, हर तरह के दर्शकों को खुश करना नामुमकिन हो गया है। फिल्में गुटों, जॉनर, आर्ट फिल्मों वगैरह में बंट गई हैं। मुझे सच में लगता है कि रियलिज्म नया मार्केट है, लेकिन ऐसी करीबी दिखाना जरूरी नहीं है, जिससे आप अपने माता-पिता या बच्चों के साथ बैठकर आसानी से देख नहीं सकें।



कहानियां समाज को ध्यान में रखते हुए बिना बोल्डनेस के भी अलग-अलग तरह की और दिलचस्प तरीके से दिखाई जा सकती हैं।' उन्होंने यह भी बताया कि 90 के दशक में, कहानियां ज्यादा पेट्रियार्कल कैरेक्टर से चलती थीं, जिससे शादी के बाद फीमेल एक्टर्स के लिए काम करना कम हो जाता था। उन्होंने आगे कहा कि वर्किंग वुमन अभी भी समाज के लिए एक नया कॉन्सेप्ट है, लेकिन ज्यादा पढ़ी-लिखी महिलाओं के आगे आने से, महिलाओं को कैसे देखा जाता है, इस बारे में सोच बदल गई है। उन्होंने शादी के बाद महिलाओं को काम करने के लिए बढ़ावा देने और सपोर्ट करने के लिए पुरुषों की भी तारीफ की।

## रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर फिल्में-सीरीज

# इस वीकएंड मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

*नई दिल्ली। फरवरी का महीना खत्म होने वाला है। इसी के साथ यह वीक भी विदा ले रहा है। मगर, मनोरंजन के लिहाज से यह वीकएंड काफी शानदार होने वाला है। होली से पहले मस्ती का भरपूर माहौल है। वहीं, मनोरंजन के लिए ओटीटी पर भी खूब बढ़िया इंतजाम हैं। सस्पेंस से लेकर थ्रिलर और कॉमेडी तक, हर किस्म का ऑप्शन दर्शकों के लिए मौजूद है।*

**द ब्लफ** : बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' ओटीटी पर आ चुकी है। इस वीकएंड आप इसे देख सकते हैं। यह फिल्म 25 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन फ्रैंक ई फ्लॉवर ने किया है। कहानी के केंद्र में एर्सेल 'ब्लडी मैरी' बोडेन (प्रियंका चोपड़ा जोनस) हैं, जो कभी एक खतरनाक समुद्री डाकू रही है।

**इक्कीस** : दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। इस फिल्म के जरिए अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्कीस' इस साल पहली जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा फिल्म है, जो सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल पर आधारित है। अगस्त्य नंदा ने लीड रोल अदा किया है। यह फिल्म गुरुवार 26 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।



**इक कुड़ी** : यह शहनाज गिल अभिनीत फिल्म है। इसमें शहनाज ने दोहरी भूमिका अदा की है। यह फिल्म 31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दर्शकों से इसे अच्छा रेस्पॉन्स मिला था। 26 फरवरी को यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड इस फिल्म को देख सकते हैं।

**अक्यूज्ड** : कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा अभिनीत फिल्म अक्यूज्ड भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। अनुभूति कश्यप के निर्देशन में बनी यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर 27 फरवरी से स्ट्रीम हो गई है। 'अक्यूज्ड' पोलैंड में सेट सस्पेंस ड्रामा है।

**साइको सैयां** : इसके अलावा इस वीकएंड पर रोमांटिक थ्रिलर सीरीज 'साइको सैयां' भी देखी जा सकती है। तेजस्वी प्रकाश, रवि किशन और अनुद सिंह ढाका जैसे सितारों से सजी इस सीरीज ने 24 फरवरी को प्राइम वीडियो पर दस्तक दी।

***क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम*** : *मराठी फिल्म 'क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर भी उपलब्ध है। हेमंत धोमे के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शक आज शुक्रवार 27 फरवरी 2026 से जी5 पर देख सकते हैं। इस फिल्म की कहानी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की वजह से मराठी स्कूलों में घटती बच्चों की संख्या के मुद्दे को दिखाती है। इसमें दिखाया गया है कि स्कूल के पुराने छात्र और शिक्षक संस्था को बचाने के लिए साथ आते हैं। फिल्म में सचिन खेड़ेकर, अमेय वाघ, सिद्धार्थ चंदेकर, प्राजक्ता कोली, क्षिति जोग, कादंबरी कदम और हरीश दुधाड़े जैसे सितारे अहम रोल में हैं।*

***संगमरमर*** : *सूरज बड़जात्या के राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनी यह सीरीज इस वीक की लिस्ट के लिए शानदार ऑप्शन है। यह कई पीढ़ियों की फैमिली ड्रामा सीरीज है। इसमें अमृता (शीन सविता दास) की कहानी है। उसकी जिंदगी परिवार की जिम्मेदारी और आदित्य (सौरभ राज जैन) के साथ प्यार के बीच एक अहम चुनाव से बदल जाती है। इस सीरीज को परिवार के साथ देखा जा सकता है। 26 फरवरी को यह सीरीज जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई।*

## खबर संक्षेप

### अरविंद केजरीवाल की रिहाई सत्य की जीतः मेहता

**सिरसा।** आम आदमी पार्टी के जिला सचिव श्याम मेहता ने कहा कि दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को न्यायालय की ओर से शराब नीति के मामले में बरी किए जाने का स्वागत करते हुए न्यायालय का आभार व्यक्त किया है। शुक्रवार को जारी बयान में आप नेता श्याम मेहता ने कहा कि न्यायालय की ओर से उन अधिकारियों की भी जांच करने के आदेश स्वागत योग्य है, जिन्होंने उपरोक्त आप नेताओं के खिलाफ केस दर्ज किया था। अरविंद केजरीवाल की रिहाई सत्य की जीत है।

### राजकीय कॉलेज में 95 पौधे रोपे

**भूना।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय भूना परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया। भारत विकास परिषद शाखा भूना एवं महाविद्यालय प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, एनएसएस स्वयंसेवकों और परिषद सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष डॉ. दीपक बंसल ने की, जबकि संचालन एवं समन्वय की जिम्मेदारी प्रोफेसर अनील कुमार ने निभाई। अभियान के तहत कॉलेज परिसर के विभिन्न हिस्सों में 95 पौधे लगाए गए। इनमें छायादार व पर्यावरण के अनुकूल पौधों को प्राथमिकता दी गई, ताकि भविष्य में यह हरियाली विद्यार्थियों को स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण प्रदान कर सके।

### जानलेवा हमले के मामले में पांचवां आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** मनी सैलून पर जानलेवा हमले के मामले में कार्रवाई करते हुए रतिया पुलिस ने पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सी पुत्र जरनैल सिंह, निवासी नाहरका मोहल्ला, रतिया के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी पुष्पा ने बताया कि वार्ड नंबर 5, रतिया निवासी अजय कुमार ने पुलिस को शिकायत दी थी कि 9 अक्टूबर 2025 को वह और उसका भाई शेर सिंह टोहाना रोड स्थित मनी सैलून पर गए थे। वहां पुरानी रंजिश के चलते तीन मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए करीब 8-10 युवकों ने उन पर हमला कर दिया। शिकायत के आधार पर थाना शहर रतिया में मामला दर्ज किया गया था।

### समाधान प्रकोष्ठ के तहत हुई समीक्षा बैठक

**सिरसा।** एडीसी वीरेंद्र सहरावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में समाधान प्रकोष्ठ के तहत साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने समाधान शिविर व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली जन शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इससे पहले मुख्यालय स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलेवार समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला परिषद के सीईओ डॉ. सुभाष चंद्र भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का तत्परता के साथ स्थाई समाधान किया जाए।

### 'होली के रंग, कवियों के संग' कार्यक्रम एक को

**फतेहाबाद।** हरियाणा कला संस्कृति मंच फतेहाबाद एवं नीर धरोहर सोसायटी मताना द्वारा हरियाणवी संस्कृति, त्यौहारो के रीति रिवाज व परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए होली पर्व के उपलक्ष्य में हास्य कवि सम्मेलन 'होली के रंग, कवियों के संग' साहित्य कार्यक्रम का आयोजन एक मार्च रविवार को सुबह 9 बजे बीघड़ रोड स्थित बाल भारती कान्वेंट स्कूल में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिलेभर के दो दर्जन से अधिक कवि एवं साहित्यकार भाग लेंगे। हरियाणा कला संस्कृति मंच के जिला अध्यक्ष रणधीर मताना ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद्ध एवं वरिष्ठ साहित्यकार ओमप्रकाश कादयान होंगे।

## एमएम कॉलेज में जिला स्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद' का आयोजन

# विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का योगदान सबसे अहम : कटारिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को धरातल पर उतारने के लिए युवाओं की भागीदारी अनिवार्य है। इसी उद्देश्य के साथ भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में मनोहर मेमोरियल कॉलेज में जिला स्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद' का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिलेभर के विभिन्न महाविद्यालयों के 18 से 25 वर्ष के युवाओं ने भाग लिया और अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद फतेहाबाद की चेयरपर्सन सुमन खीचड़ रही वहीं विशेष तौर पर पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर के मीडिया सलाहाकार सुदेश कटारिया, एमएम एजुकेशन सोसायटी के प्रधान राजीव बत्रा, युवा नेता सुभाष खिचड़, जिला युवा अधिकारी पूनम, आरके कौशिक व एसएस मल्होत्रा ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। युवा संसद का मुख्य थीम 'आपातकाल के 50 वर्ष : भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक' रखा गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के श्रीमती अमरजीत कौर मेमोरियल सेमिनार हॉल में हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रो. सिम्पा ने किया।



फतेहाबाद। अतिथियों को सम्मानित करते एमएम एजुकेशन सोसायटी प्रधान राजीव बत्रा। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे विजेता

निर्णायक मंडल में प्रो. आरके कौशिक, जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन खिचड़, युवा नेता सुभाष खीचड़, जिला युवा अधिकारी पूनम, विकसित भारत युवा संसद के जिला नोडल अधिकारी डॉ. विकेश सेठी शामिल रहे। जिला स्तर पर चयनित पांच विद्यार्थियों में एमएम कॉलेज से जैसमीन व हिमांशु, एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन फतेहाबाद से पूजा, अरबिंदो कॉलेज आफ एजुकेशन भट्टू मण्डी से देविका तथा ग्रामीण कॉलेज आफ एजुकेशन टोहाना से लखविन्द्र कौर शामिल हैं।

### इमरजेंसी के पक्ष और विपक्ष में विद्यार्थियों ने रखे विचार

'विकसित भारत युवा संसद' में स्पीकर की भूमिका इमेजिन छात्रा ने निभाई। इमेजिन बालिका पंचायत में सरपंच भी है। विभिन्न महाविद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने संसद सदस्य के रूप में भाग लिया। उन्होंने इमरजेंसी के पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखे। विद्यार्थियों ने तर्क-वितर्क के माध्यम से यह दर्शाया कि कैसे एक सशक्त लोकतंत्र में नागरिक अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा अनिवार्य है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रतिभा मखीजा और विकसित भारत युवा संसद के जिला नोडल अधिकारी डॉ. विकेश सेठी ने बताया कि जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टॉप 5 विद्यार्थी राज्य स्तर पर फतेहाबाद जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तर के बाद राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित होगा। इस गौरवशाली पड़ाव पर पहुंचने वाले चयनित युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे बातचीत करने और अपने विचार साझा करने का स्वर्णिम अवसर प्राप्त होगा।

## हिम्मतपुरा पैक्स प्रबंधक पर सरकारी राशि के गबन का आरोप, दर्ज हुई एफआईआर

**फतेहाबाद।** दि हिम्मतपुरा एम पैक्स लिमिटेड के प्रबंधक पर पैक्स सदस्यों ने अपने पद का दुरूपयोग कर सरकारी राशि का गबन करने का आरोप लगाया है। इस मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने पैक्स प्रबंधक अमृतलाल के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां फतेहाबाद जितेन्द्र कौशिक ने उनके कार्यालय में विनोद कुमार निवासी कन्हड़ी व दि हिम्मतपुरा एम पैक्स लि. हिम्मतपुरा के अन्य सदस्यों ने शिकायत देकर पैक्स प्रबंधक अमृतलाल निवासी कन्हड़ी पर अपने पद का दुरूपयोग कर सरकारी राशि के गबन का आरोप लगाया है। शिकायत की जांच के लिए उन्होंने कार्यालय स्तर पर एक जांच कमेटी का गठन किया। इस कमेटी में सतबीर निरीक्षक सहकारी समिति टोहाना-2, सुदेश निरीक्षक सहकारी समितियां टोहाना-1, प्रदीप उपनिरीक्षक को शामिल किया गया। दि फतेहाबाद केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. फतेहाबाद पैक्स को ऋण देने वाली वित्तीय संस्था है इसलिए उनके शाखा प्रबंधक रामप्रताप को भी जांच कमेटी में शामिल किया गया। सहायक रजिस्ट्रार ने बताया कि जांच कमेटी ने 27 नवंबर 2025 को जांच रिपोर्ट सौंपी।

## एजुकेशन मिनिस्ट्रियल स्टाफ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन (हेमसा) का जिला स्तरीय प्रतिनिधिमंडल आज प्रांतीय कोषाध्यक्ष मुकेश खरब के नेतृत्व में अपनी लंबित मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से मिला और उन्हें शिक्षा विभाग के महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए प्रांतीय कोषाध्यक्ष मुकेश खरब ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सरकार के फैसलों को 'तुगलकी फरमान' और 'कर्मचारी विरोधी' करार देते हुए कहा कि इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेपरलेस ऑफिस, स्टाफिंग पॉलिसी और रेशनेलाइजेशन के नाम पर विभाग में लगातार पदों को समाप्त किया जा रहा है, जिससे भविष्य में रोजगार के अवसर खत्म हो रहे हैं।



फतेहाबाद। डीईओ को ज्ञापन सौंपते हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन के पदाधिकारी।

## जिला स्वर्णकार संघ के चुनाव 8 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला स्वर्णकार संघ के त्रिवार्षिक चुनाव आगामी 8 मार्च को सोनी धर्मशाला में आयोजित किए जाएंगे। कमेटी के वाइस चेयरमैन सुखविंद्र सिंह सोनी ने बताया कि चुनावों को लेकर नामांकन भरने की शुक्रवार को अंतिम तिथि थी। उन्होंने बताया कि अगर एक से अधिक नामांकन नहीं आते हैं तो सर्वसम्मति से प्रधान का निर्विरोध चयन किया जाएगा। इसके साथ-साथ सभी 6 तहसीलों रानियां, ऐलनाबाद, डबवाली, कालांवाली, नाथूसरी चोपटा व सिरसा के प्रधान भी चुनावों में भाग लेंगे। इन चुनावों में चुनाव डेलीगेट्स ही वोट कर सकते हैं। इसमें सिरसा से 11 डेलीगेट्स को मिलाकर कुल 36 डेलीगेट्स है, जिन्हें वोट डालने का अधिकार है। सोनी ने बताया कि चुनावों को लेकर एक सात मेंबरी सरपरस्त कमेटी बनाई गई है, जिसमें राजकुमार भून को चेयरमैन, सुखविंद्र सोनी को वाइस चेयरमैन, लीलाधर सोनी, विशाल सोनी, गजानंद सोनी, सोनू गोरीवाला व केवल वर्मा को शामिल किया गया है।



सिरसा। चुनाव लड़ने के इच्छुक नामांकन पत्र भरते हुए।

## इन्द्र गावड़ी ने उठाई पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को राज्यसभा सांसद बनाने की मांग



**फतेहाबाद।** मार्केट कमेटी फतेहाबाद के वाइस चेयरमैन इन्द्र गावड़ी ने भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को राज्यसभा सांसद बनाए जाने की मांग की है। उनका कहा है कि सुनीता दुग्गल का राजनीतिक अनुभव, नेतृत्व क्षमता और जनसेवा के प्रति समर्पण किसी से छिपा नहीं है। सुनीता दुग्गल ने सांसद रहते हुए हरियाणा की समस्याओं को मजबूती से संसद में उठाया और विशेषकर महिलाओं, गरीबों, किसानों और पिछड़े वर्गों के हितों के लिए निरंतर संघर्ष किया। इन्द्र गावड़ी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा प्रतिभा, परिश्रम और निष्ठा को सम्मान देने वाली पार्टी रही है। पार्टी ने महिलाओं को नेतृत्व के बड़े अवसर देकर महिला सशक्तिकरण को वास्तविक रूप दिया है। उन्होंने कहा कि यदि सुनीता दुग्गल को राज्यसभा में प्रतिनिधित्व मिलता है तो हरियाणा की आवाज और अधिक मजबूती से राष्ट्रीय स्तर पर सुनी जाएगी। इससे प्रदेश के विकास, सामाजिक न्याय और महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिलेगी। इन्द्र गावड़ी ने कहा कि भाजपा की नीतियां समावेशी हैं और पार्टी हर वर्ग को साथ लेकर चलती है।

## टोहाना में सीसीटीवी जल्द हों चालू : डीसी

**टोहाना।** टोहाना निवासी कर्ण शर्मा के परिवाद पर सुनवाई करते हुए उपायुक्त ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि टोहाना शहर में बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उन्हें शीघ्र दुरुस्त कर सुचारू रूप से संचालित किया जाए, ताकि शहर की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हो सके। पुलिस इन्हें सुरक्षित और ठीक करवाने के विकल्प तलाश करे और इन्हें सुचारू करें। कर्मचन्द निवासी बिघड़ की शिकायत पर डीसी ने एसडीएम फतेहाबाद व जन परिवाद समिति सदस्य सीताराम को निर्देश दिए कि प्रार्थी की ढाणी तक रास्ता उपलब्ध करवाने के लिए समन्वय स्थापित कर समाधान निकाला जाए। रविन्द्र निवासी भूथन खुर्द की शिकायत पर डीसी डा. विवेक भारती ने कार्यकारी अभियंता, जिला परिषद को निर्देश दिए कि गांव में बरसाती पानी की निकासी का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा पुलिया पर मिट्टी डलवाकर रास्ते को सुगम बनाया जाए। अधिकारियों ने बताया कि सिंचाई विभाग की मांग के अनुसार तीन पुलियों में से दो का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा एक का कार्य प्रगति पर है। इसके पूर्ण होते ही पानी निकासी में आ रही बाधा समाप्त हो जाएगी। गांव डूल्ट निवासी सुखविंदर सिंह के परिवाद पर डीसी ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि मिडल व प्राइमरी स्कूलों के खराब शौचालयों की तत्काल मरम्मत करवाई जाए तथा आवश्यकता अनुसार नए शौचालय निर्माण के प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र भेजे जाएं।

## रतिया राइस मिलर एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

रतिया राइस मिलर एसोसिएशन की बैठक शुक्रवार को हरियाणा राइस मिलर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुरेश जिंदल की अध्यक्षता में फतेहाबाद रोड स्थित शहरी अध्यक्ष मोनू जिंदल के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत जिला मिलिंग कमेटी के सदस्य संजू जिंदल की माता के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। इसके पश्चात राइस मिलर एसोसिएशन की ओर से रतिया अनाज मंडी व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दर्शन गर्ग काका का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। बैठक में ग्रामीण राइस मिलर अध्यक्ष जगविंदर सिंह और फतेहाबाद राइस मिलर एसोसिएशन के अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि सभी राइस मिलर एसोसिएशन एकजुट हैं। रतिया राइस मिलर एसोसिएशन के सदस्यों ने आरोप लगाया कि कुछ मिलरों द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपना सरासर गलत है, क्योंकि वर्तमान अध्यक्षों का कार्यकाल अभी शेष है।



रतिया। पदाधिकारियों का स्वागत करते एसोसिएशन के सदस्य।

**बैठक** — कहा, सड़क एजेंसियां अपनी सड़कों का ऑडिट कर प्रस्तुत करें रिपोर्ट

# डीसी ने दिए स्ट्रीट लाइट, रोड मार्किंग व साइन बोर्ड दुरुस्त रखने के निर्देश

राजमार्गों को वाहन चालकों के लिए सुरक्षित बनाना प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि जिला की सभी सडक़ों एवं राजमार्गों को वाहन चालकों के लिए सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक बनाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सडक़ों पर सफेद व पीली पट्टियां, संकेतक बोर्ड, रिफ्लेक्टर एवं रोड मार्किंग सही अवस्था में होनी चाहिए। बीएंडआर, एनएचएआई, एनएच, एचएसआईडीसी, मार्केट कमेटी तथा नगर परिषद सहित सभी संबंधित विभाग अपनी-अपनी सडक़ों की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखें। डीसी लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सडक़ संबंधित एजेंसियां अपनी सडक़ों का विस्तृत ऑडिट करें तथा रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत करें। सभी स्ट्रीट लाइटें कार्यशील अवस्था में रहें ताकि रात्रि के समय दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। डीसी ने कहा कि सभी विभाग विभिन्न विभागों द्वारा लंबित एजेंडा बिंदुओं की एक्शन टेकन रिपोर्ट निर्धारित समय में भेजना सुनिश्चित किया जाए। म्हारी सडक़ ऐप पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा प्रत्येक मासिक सडक़ सुरक्षा बैठक में की जाएगी, ताकि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।




फतेहाबाद। सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित करते डीसी। फोटो : हरिभूमि

### सभी सुरक्षा गतिविधियां समय रहते पूरी करें

*डीसी ने निर्देश दिए कि स्कूल सेफ्टी जोन से संबंधित सभी सुरक्षा गतिविधियां समय रहते पूरी की जाएं। उकलाना-फतेहाबाद रोड पर सनियाना के समीप नहर पर बन रहे पुल सहित सभी निर्माणाधीन पुलों पर आवश्यक सडक़ सुरक्षा प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं, ताकि निर्माण अवधि के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में आरटीए संजय बिश्नोई, एसडीएम राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।*

## न्यूज डायरी

### ऐतिहासिक होगा अग्रवाल वैश्य समाज का प्रदेशस्तरीय अधिवेशन : मित्तल

**रतिया।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा का वृंदावन में आयोजित होने वाला प्रदेशस्तरीय अधिवेशन ऐतिहासिक होगा। जिला अध्यक्ष राजेन्द्र मित्तल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अध्यक्षता में 7 मार्च को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाभूमि वृंदावन के दिल्ली श्रीधाम रुक्मणी विहार में आयोजित होने वाली ये बैठक समाज की एकता, वैचारिक चिंतन और भविष्य की दिशा तय करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस आयोजन में अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल, उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रविकांत गर्ग, राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता, बनारसी दास गुप्ता फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय गुप्ता, भाजपा नेता पंकज जैन, युवा नेता एवं समाजसेवी नवीन गोयल, उद्योगपति एवं समाजसेवी वासूदेव गर्ग, राष्ट्रीय नवचेतना मंच के अध्यक्ष विजय सोमाणी बतौर अतिथि अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। जिला अध्यक्ष ने बताया कि अधिवेशन के दौरान संगठन का 9वां द्विवार्षिक चुनाव भी संपन्न कराया जाएगा।

### 'गुड टच और बैड टच' के बीच का अंतर समझाया



**रतिया।** पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ युवा पीढ़ी को जागरूक करने के उद्देश्य से आज राजकीय माध्यमिक विद्यालय, सरदारेवाला के प्रांगण में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इको क्लब के माध्यम से विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया और विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन व सुरक्षा के महत्व से रूबरू करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर रतिया के एसएचओ प्रहलाद सिंह ने शिरकत की। उनके साथ सरपंच प्रतिनिधि सिक्का और एसएमसी प्रधान नामदेव सिंह भी मौजूद रहे। अतिथियों ने विद्यालय के इको क्लब के सदस्यों के साथ मिलकर विभिन्न छायादार व फलदार पौधे लगाए। इस दौरान संदेश दिया गया कि जिस तरह एक पौधे को सींचकर वृक्ष बनाया जाता है, उसी तरह संस्कार और शिक्षा बच्चों के भविष्य को मजबूती प्रदान करते हैं।

### फाल्गुन दशमी पर प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर में उमड़ी आस्था, जयकारों से गूंजा मंदिर



**फतेहाबाद।** शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में फाल्गुन माह की चांदनी दशमी का पर्व अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर बाबा के जयकारों से गुंजायमान रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दरबार में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उत्सव की शुरुआत बाबा रामदेव महाराज की भव्य संध्या आरती से हुई। श्री बाबा रामदेव सेवा समिति के प्रधान रमेश जोइया ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर बाबा को पुष्पमालाएं अर्पित कीं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने बाबा के चरणों में नारियल और ध्वजा अर्पित कर अपनी आस्था व्यक्त की।

### कथा में रुक्मणी विवाह प्रसंगों का किया वर्णन



**भूना।** ढाणी गोपाल स्थित हरनाम गिरी डेरा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धा और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला। कथा वाचक साध्वी शांतिपुरी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा पुतना व अन्य राक्षसों के वध तथा रुकमणी विवाह के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन धर्म, साहस और प्रेम का संदेश देता है। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। भजन-कीर्तन के बीच पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा। डेरा प्रमुख साध्वी शुक्रानी गिरी ने धारसूल गांव के डेरा प्रमुख एवं गौशाला संचालक श्री श्री 1008 संत पूरी महाराज के कथा स्थल पर पहुंचने पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि रामकुमार गोदारा, नंबरदार जगदीश फगेडिया, मास्टर सुरेंद्र खीचड़, पूर्व सरपंच हनुमान पूनिया,हरिराम शर्मा, पुजारी ऋषि पाल शर्मा, रोशन लाल, कमलेश, दयानंद सोनी, संदीप कसवां,मास्टर रामकुमार शर्मा, राजेंद्र गोदारा, हवा सिंह सिहाग आदि मौजूद रहे।

### सीटीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



फतेहाबाद। शुक्रवार को सीटीएम गौरव गुप्ता ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीटीएम ने विद्यालयों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और परीक्षा संचालन प्रक्रिया बारे जानकारी ली। उन्होंने एक-एक कक्षा में जाकर खिड़कियों, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश आदि की व्यवस्था को बारीकी से जांचा। उन्होंने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा केंद्रों के कमरों में उपस्थित एवं अनुपस्थित विद्यार्थियों की संख्या प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। सीटीएम गौरव गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं को नकल रहित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। अगर कोई परीक्षार्थी नकल करने तथा अन्य व्यक्ति नकल करवाने में संलिप्त पाया जाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अरुणचन्द्र महाराज ने दिया 'खिलाकर, खाओ' का संदेश, कहा : भारतीय संस्कृति में दान का बड़ा महत्त्व

**फतेहाबाद।** आगम के प्रकाण्ड ज्ञाता, योगीराज गुरुदेव अरुणचन्द्र महाराज ने एसएस जैन सभा, श्याम नगर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए जीवन में दान और त्याग का महत्व बताया। उन्होंने खिलाकर खाओ का पावन संदेश देते हुए कहा कि स्वयं का भोजन खाने से पहले किसी जरूरतमंद को भोजन देना चाहिए। भारतीय संस्कृति में दान का बहुत बड़ा महत्त्व है। पहले माताएं जब भोजन बनाती थीं, तो पहली एक रोटी गाय के नाम की और एक रोटी याचक यानि जरूरतमंद के नाम पर निकालती थीं। लेकिन आजकल यह सुंदर परंपरा काफी कम हो गई है। हमें अपनी इस महान परंपरा और संस्कृति का अधिक से अधिक पालन करना चाहिए, जिससे हमें पुण्य का लाभ तो मिले ही, साथ ही सामाजिक समरसता भी बनी रहे। प्रवचन के अंत में यह सुंदर सूत्र दिया गया, जो खिलाकर खाता है, वह सदा खिलखिलाता है। एसएस जैन सभा श्याम नगर के प्रधान सुरेन्द्र मित्तल ने बताया कि गुरुदेव अरुणचन्द्र महाराज प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक प्रवचन की अमृतवर्षा करेंगे। आज इस प्रवचन में अनाजमंडी सहित हरियाणा व पंजाब के अनेकों श्रद्धालु मौजूद थे।

### ग्रीवेंस कमेटी की चेयरपर्सन श्रुति चौधरी के बिना हुई जन परिवाद समिति की बैठक, डीसी ने सुनी शिकायतें

**फतेहाबाद।** जिला लोक सम्पर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक डीसी डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में डीपीआरसी हॉल में आयोजित की गई। बैठक में कुल 14 परिवाद प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 12 मामलों का मौके पर ही समाधान किया, जबकि शेष दो मामलों में कमेटी गठित कर अगली बैठक में विस्तृत कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान डीसी ने स्पष्ट कहा कि जन शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करें। बता दें कि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ग्रीवेंस कमेटी की चेयरपर्सन हैं। आज वह मीटिंग में नहीं आई तो अधिकांश सदस्यों ने भी रुचि नहीं ली।

### डीसी ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण



**फतेहाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. विवेक भारती ने शुक्रवार को संबंधित अधिकारियों के साथ फतेहाबाद में स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा सहित सीसीटीवी कैमरे, साफ सफाई आदि सभी व्यवस्थाओं को बारीकी से चेक किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी डॉ. भारती ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों से वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, फायर एक्सटिंगिशर, सीसीटीवी आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी ली।

## खबर संक्षेप

### पुस्तक का विमोचन एक मार्च को

**सिरसा।** अखिल भारतीय सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इंद्र गोयल द्वारा लिखित आध्यात्मिक पुस्तक मौन साधना- एक अद्वितीय अनुभव का विमोचन आगामी 1 मार्च को सिरसा क्लब में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पुस्तक मौन, ध्यान, आत्मचिंतन और आंतरिक शांति की साधना पर आधारित एक गहन आध्यात्मिक कृति है, जिसमें उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभवों, प्रयोगों और साधना-यात्रा को सरल एवं प्रेरणादायक शैली में प्रस्तुत किया है। पुस्तक का उद्देश्य आधुनिक जीवन की भागदौड़ में मानसिक तनाव से जूझ रहे लोगों को शांति, संतुलन और आत्मबोध की दिशा प्रदान करना है।

### श्याम मंदिर में फाल्गुन मेले का हुआ शुभारंभ

**सिरसा।** प्राचीन श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन मेले का शुभारंभ एकादशी के पावन अवसर पर श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। मंदिर सह-संरक्षक तेजपाल शर्मा ने बताया कि प्रातःकाल श्याम बाबा की भव्य श्रृंगार आरती के साथ मेले की शुरूआत की गई। आरती के उपरांत बाबा को बाल भोग व प्रसाद भक्तों में वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि शहर एवं आसपास के गांवों से ध्वजा लेकर पहुंचे पैदल यात्रियों का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। नटराज आर्ट गुरप द्वारा महारास नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। दोपहर भोग आरती के दौरान बाबा को छप्पन भोग अर्पित करने के पश्चात श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। शाम 5 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन गायक विशु गर्ग एवं मनीष यूजिकल गुरप बाबा ने भजनों की प्रस्तुति देंगे।

### बाबा भूमण शाह का पावन भक्ति सत्संग कल

**सिरसा।** सिरसा की कपास मंडी में संत बाबा भूमण शाह के पावन सत्संग का आयोजन आगामी 1 मार्च को किया जाएगा। सत्संग में गद्दीनशीन बाबा हरिनाम दास गद्दी कच्चा पक्का मल्लेवाला प्रवचन करेंगे। यह सत्संग संगत, आढ़ती एसोसिएशन, पेस्टिसाइड एसोसिएशन के सामूहिक सहयोग से किया जाएगा। इस अवसर पर पहुंची समूह संगत के लिए लंगर भंडारा अटूट चलाया जाएगा। डेरा के सेवादार संगत के लिए हर प्रकार की व्यवस्था व आयोजन की तैयारियां करने में जोरों शोरों से जुटे हुए हैं। कपास मंडी के शैड में भव्य सत्संग पंडाल तैयार किया गया है। लंगर भोजन के साथ वाहन पार्किंग की व्यस्था भी की गई है। डेरा की ओर से आमजन का आह्वान किया गया है कि वे इस धार्मिक अवसर पर पहुंच कर बाबाजी का आशीर्वाद ग्रहण करें।

### पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के लिए 28 तक करें आवेदन

**सिरसा।** अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विमुक्त जनजाति के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं (पीएम-यशस्वी घटक-।।) के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र एनएसपी पोर्टल पर आमंत्रित किए गए हैं। पात्र विद्यार्थी 28 फरवरी तक पंजीकरण अवश्य करें ताकि वे आर्थिक वजह से उच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित न रहें। योजना के तहत 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत सरकारी अथवा निजी शिक्षण संस्थाओं में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी इस योजना का लाभ उठा सकें।

### रतिया में विशाल ध्वज यात्रा आज

**रतिया।** श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट द्वारा विशाल ध्वज शोभा यात्रा 28 फरवरी दिन शनिवार को निकाली जाएगी। ट्रस्ट के प्रधान राज कुमार सिंगला ने बताया कि निर्माणाधीन श्री खाटू श्याम मंदिर से 28 फरवरी शनिवार को दोपहर 1.15 बजे भव्य निशान यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली जाएगी। यात्रा श्री खाटू श्याम मंदिर से शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए एक्सचेंज रोड समीप स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर के पावन स्थल पर पहुंचकर संपन्न होगी। इस शोभा यात्रा में पूजन मदन गोयल ट्रांसपोर्ट वाले व आरती जोनी बंसल करेंगे। नारियल की रस्म अनाज मंडी के नवनिर्मित प्रधान दर्शन काका करेंगे।

## फाल्गुन शुक्ला एकादशी पर श्री श्याम मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

# श्री श्याम उत्सव में भजनों की अद्भूत तान पर झूमे भक्त

श्री खाटू श्याम मंदिर, फतेहाबाद में पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

*सभी श्याम भक्तों ने श्री श्याम बाबा के समक्ष छप्पन भोग के प्रसाद का भोग लगवाया व आरती की गई, श्याम मंदिर के पुजारी सोनू शर्मा व सूरज शर्मा ने भक्तों के समक्ष बाबा की महिमा का बखान किया तो भक्त झूम उठे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फाल्गुन शुक्ल एकादशी आमलक एकादशी के पावन अवसर पर श्री खाटू श्याम मंदिर, फतेहाबाद में पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर भारी संख्या में श्याम भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर सभी श्याम भक्तों ने श्री श्याम बाबा के समक्ष छप्पन भोग के प्रसाद का भोग लगवाया व आरती की गई। श्याम मंदिर के पुजारी सोनू शर्मा व सूरज शर्मा ने भक्तों के समक्ष बाबा की महिमा का बखान किया और बताया कि आज ही के दिन खाटू में खाटू श्याम जी प्रकट हुए थे और इसी दिन उनकी स्थापना हुई थी। शुक्रवार रात मंदिर में बाबा का भव्य संकीर्तन किया गया। शनिवार सुबह फाल्गुन द्वादशी पर हवन यज्ञ के बाद बाबा की भव्य पूजा अर्चना की जाएगी। बता दें कि आज ही के दिन खाटू श्याम जी, जिला सिकर में भव्य मेला लगाया जाता है जिसमें सभी भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। श्री श्याम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में भजन गायकों ने बाबा श्याम के भजन गाकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। संकीर्तन के प्रारंभ में भजन गायकों ने भजनों की ऐसी तान छेड़ी कि सभी श्याम भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। प्रसिद्ध भजन गायक अमित द्वारा प्रस्तुत किए गए भजन 'डोरी खेंच के राखिजे, यो है बाबा को निशान....' पर श्यामभक्त मदमस्त होकर झूमने लगे। भारत टुटेजा ने 'आज बिरज में होरी हैं रे रसिया, होरी-रे, होरी-रे बरजोरी रे रसिया, 'म्हाने बुलाओ बारम्बार, खाटू श्याम दरबार पर खड़ा दास, पर भक्त खूब झूमे। उल्लेखनीय है कि इसी दिन खाटू श्याम में फाल्गुन उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। फतेहाबाद के इतिहास में यह पहला मंदिर है जहां फाल्गुन एकादशी व द्वादशी पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। ग्यारस की रात को श्याम मंदिर में एक क्विंटल प्रसाद वितरित किया गया।



श्री श्याम मंदिर व भजन कीर्तन करते श्रद्धालु।



### दो मार्च को होलिका दहन होगा

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि 2 मार्च को होलिका दहन होगा वहीं 4 मार्च को श्री श्याम मंदिर, फतेहाबाद में फाग उत्सव मनाया जाएगा। सायं 4 बजे से देर रात्रि तक श्याम संकीर्तन किया जाएगा, जिसमें लोकल व दूरदराज से आए कलाकार श्याम महिमा का बखान करेंगे। इस मौके पर श्री श्याम मंडल के प्रधान डॉ. सुभाष शर्मा, डॉ. पवन हंसवाल, भीम असीजा, प्रदीप कुमार, सुनील मदान, शिव कुमार सर्राफ, नरेश गर्ग, राजेश मित्तल सहित भारी सख्या में भगत मौजूद थे। अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

## राज्यस्तरीय महिला हॉकी में फतेहाबाद ने कांस्य जीता



भूना। हॉकी चैम्पियनशिप में कांस्य पदक विजेता टीम। फोटो : हरिभूमि

- विजेता टीम को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

हरियाणा हॉकी एसोसिएशन की ओर से हिसार के एस्ट्रो टर्फ मैदान पर 20 से 26 फरवरी तक आयोजित 37वीं हरियाणा सीनियर स्टेट महिला हॉकी चैंपियनशिप में फतेहाबाद की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। टीम की इस उपलब्धि से जिले में खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। फतेहाबाद जिला हॉकी एसोसिएशन के सचिव व कोच रणसिंह ओला ने बताया कि टीम ने अपने पहले मुकाबले में जींद को 4-0 से हराकर जोरदार शुरुआत की। इसके बाद सेमीफाइनल में सोनीपत के खिलाफ टीम को 2-0 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में खिलाड़ियों ने दमदार वापसी करते हुए कुरुक्षेत्र को हराकर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

### ये रहे मौजूद

इस वर्ष सब जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों में फतेहाबाद टीम द्वारा कांस्य पदक जीतना जिले के लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और कोचिंग स्टाफ के समर्पण का परिणाम है। फतेहाबाद हॉकी एसोसिएशन के प्रधान जगजीत सिंह मलिक, जिला खेल अधिकारी विष्णु दास, जिले के सभी हॉकी कोचों, खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों ने टीम को बधाई दी और इसे भविष्य के लिए प्रेरणादायक बताया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर हरियाणा ओलम्पिक एसोसिएशन के प्रधान जसविंदर सिंह बेनीवाल मुख्य अतिथि रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि द्रोणाचार्य एवं पद्मश्री अवॉर्डी सरदार बलदेव सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान हिसार हॉकी एसोसिएशन के सचिव आजाद सिंह मलिक, हॉकी इंडिया के संयुक्त सचिव सुनील मलिक व टूर्नामेंट डायरेक्टर संदीप दांगी सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## नकल रहित परीक्षा करवाना पुलिस प्रशासन का मुख्य दायित्व : एसपी

- बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सिरसा के एसपी दीपक सहारण ने कहा कि पुलिस हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की चल रही परीक्षाओं को नकल रहित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए अलर्ट है और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। एसपी दीपक सहारण ने शुक्रवार कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी शरारती तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस लगातार परीक्षा केंद्रों के आसपास पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रही है तथा संदिग्ध गतिविधियों पर पूरी तरह नजर बनाए हुई है। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए केंद्रों के आसपास बेरिकेडिंग की गई है। अनावश्यक लोगों की आवाजाही पर रोक लगाने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों और अन्य लोगों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि परीक्षार्थियों को शांत वातावरण मिल सके। सभी पर्यवेक्षक अधिकारी एवं थाना प्रभारी स्वयं अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।



सिरसा। परीक्षा केंद्र के बाहर तैनात पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### फतेहाबाद में विशाल हिंदू सम्मेलन आज

**फतेहाबाद।** हिंदू समाज की एकता, जागरूकता एवं संगठन शक्ति को सशक्त करने के उद्देश्य से 28 फरवरी शनिवार को फतेहाबाद में एक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के संरक्षक एवं नगर परिषद फतेहाबाद के पूर्व प्रधान दर्शन नागपाल ने बताया कि यह भव्य हिंदू सम्मेलन सायं 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्री अरोड़वंश धर्मशाला, फतेहाबाद में आयोजित होगा। सम्मेलन में सनातन संस्कृति के गौरव, धर्म रक्षा एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के दौरान भव्य भजन संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिससे वातावरण भक्तिरस से ओत-प्रोत होगा।

## सतरंगी फाल्गुन महोत्सव में शामिल हुए सांसद बराला, बस को किया रवाना

- भव्य धार्मिक आयोजन श्री खाटू श्याम मंदिर में किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

श्री श्याम सेवा मंडल टोहाना द्वारा 26वें विशाल श्री श्याम सतरंगी फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया। यह भव्य धार्मिक आयोजन श्री खाटू श्याम मंदिर, टोहाना में अत्यंत हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने श्रद्धापूर्वक शिरकत की। सांसद सुभाष बराला ने मंदिर परिसर में बाबा श्याम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की। इस दौरान उन्होंने 'हारे के सहारे' बाबा श्याम के सुंदर एवं भावपूर्ण भजनों का श्रवण किया। भजनों की मधुर स्वर लहरियों और श्रद्धालुओं की अपार आस्था ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर सतरंगी सजावट, पुष्प वर्षा और भजन संध्या ने कार्यक्रम को और भी दिव्य स्वरूप प्रदान किया।



टोहाना। सतरंगी फाल्गुन महोत्सव में पूजा करते सांसद सुभाष बराला।



सिरसा। अंतरराष्ट्रीय ई-सेमिनार को संबोधित करते वक्ता।

### सीडीएलयू में महिलाओं के योगदान पर सेमिनार

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के रसायन विभाग ने विज्ञान में महिलाओं का योगदान ग्लोबल विमेंस ब्रेकफास्ट-26 विषय पर एक द्विवसीय अंतरराष्ट्रीय ई-सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए समावेशिता, समानता और विविधता को बढ़ावा देना था। विभागाध्यक्ष डॉ. गीता रानी ने बताया कि ई सेमिनार में विषय विशेषज्ञों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी, विकसित भारत का लक्ष्य, शोध एवं नवाचार में लैंगिक समानता आदि विषयों पर अपने विचार रखे। वक्ताओं में कुलपति, सीबीएलयू भिवानी प्रो. दीप्ति धर्मानी ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों को महिला शोधार्थियों को प्रोत्साहन और अनुकूल वातावरण प्रदान करना चाहिए।

## सिरसा में 24 अप्रैल को पहुंचेगी भारत गौरव विशेष पर्यटक ट्रेन : हर्षदीप

- पहली बार मिलेगा भक्तों को दर्शन का अवसर



महाप्रबंधक हर्षदीप।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम लि. (आईआरसीटीसी), रेल मंत्रालय की ओर से पहली बार सिरसा रूट के यात्रियों के लिए दक्षिण भारत के प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों के दर्शन करवाने के लिए व्यवस्था की गई है, जो अति महत्वपूर्ण है। यह बात शुक्रवार को आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के संयुक्त महाप्रबंधक (पर्यटन) हर्षदीप ने सिरसा रेलवे स्टेशन पर मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह रेलयात्रा प्रतिष्ठित भारत गौरव विशेष पर्यटक ट्रेन द्वारा आगामी 24 अप्रैल 2026 को फिरोजपुर से प्रस्थान करेगी और वहां से बठिंडा, सिरसा, हिसार जंक्शन, जाखल जंक्शन, धूरी जंक्शन, लुधियाना जंक्शन, एसएएस नगर (मोहाली), चंडीगढ़, अंबाला कैंट जंक्शन, कुरुक्षेत्र जंक्शन, करनाल, पानीपत जंक्शन, दिल्ली सफदरजंग, मथुरा जंक्शन, आगरा कैंट, ग्वालियर जंक्शन व वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशनों से होते हुए यात्रियों को तिरुमला वेंकटेश्वर मंदिर, तिरुपति, रामनाथस्वामी मंदिर, रामेश्वरम, मीनाक्षी अम्मन मंदिर, मदुरै, कन्याकुमारी, मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग मंदिर, मार्कापुर (श्रीशैलम क्षेत्र) जैसे आध्यात्मिक स्थलों के दर्शन करवाएगी। संयुक्त महाप्रबंधक ने बताया कि अब से पूर्व इस रेल का रूट विशुद्ध रूप से पंजाब से होते हुए था मगर इस बार यह पहला अवसर है जब इस विशेष पर्यटन रेल का मुख उपरोक्त स्थलों की ओर होगा।

### पंजाब के दो नशा तस्कर गिरफ्तार, चूरापोस्त बरामद

**कालांवाली।** पुलिस ने गांव चौटाला क्षेत्र से पिकअप गाड़ी से 51 किलोग्राम चूरापोस्त सहित दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार लहसुन के कट्टों के बीच छिपाकर चूरापोस्त की तस्करी की जा रही थी। कालांवाली के डीएसपी संदीप धनखड़ ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में इसका खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान पंजाब निवासी गुरविंद्र सिंह व लक्की के रूप में हुई है। डीएसपी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव सकताखेड़ा के नजदीक भारतमाला पुल क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पंजाब फरीदकोट जिला निवासी गुरविंद्र सिंह व लक्की चूरापोस्त तस्करी का धंधा करते हैं और पिकअप में चूरापोस्त लेकर गांव चौटाला से होते हुए पंजाब की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी शुरू कर दी। कुछ समय बाद हनुमानगढ़ की तरफ से एक पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी।



कालांवाली। पत्रकारों को जानकारी देते डीएसपी संदीप धनखड़।

## गांव लकड़ांवाली में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में एडीसी व एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

# नागरिकों की समस्याओं का स्थायी समाधान ही प्रशासन की प्राथमिकता

*रात्रि ठहराव कार्यक्रम में एडीसी वीरेंद्र सहरावत व एसपी दीपक सहारण रहे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला के गांव लकड़ांवाली में जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रात्रि ठहराव कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत व पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने आमजन की समस्याएं सुनी। इस दौरान 92 से अधिक समस्याएं व शिकायतें सुनी गई तथा संबंधित विभागों को तत्परता से समाधान के निर्देश दिए। एडीसी वीरेंद्र सहरावत के समक्ष कई ग्रामीणों ने आवास योजना के तहत सहायता राशि न मिलने संबंधी शिकायत दी, जिस पर उन्होंने जिला परिषद के सीईओ डा. सुभाष चंद्र को 10 दिनों में इसके समाधान के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्रामीणों द्वारा शिकायत के माध्यम से राशन कार्ड कटने व पीपीपी में त्रुटियों को ठीक करने संबंधी मांग की, ग्रामीणों की प्रत्येक शिकायत को एडीसी ने बारीकी से सुनते हुए क्रिड विभाग को जल्द समाधान करते हुए शिकायतकर्ता को भी सूचना उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्रामीणों की खाल व शाख पक्की करने संबंधी शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभाग को नियमों के अनुरूप इस बारे जल्द समाधान के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने गांव में बस सुविधा उपलब्ध न होने के कारण बच्चों को स्कूल आने-जाने में हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया। इस पर एडीसी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए जीएम रोडवेज को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए ताकि विद्यार्थियों को परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। ग्रामीणों ने खेतों में जंगली सूअरों से हो रहे नुकसान की समस्या भी रखी। वहीं गांव में लड़कियों के लिए सार्वजनिक पुस्तकालय खोले जाने की मांग रखी गई, जिस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



सिरसा। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में जनसमस्याएं सुनते एडीसी व एसपी।

### नशे से दूर रहने की दी हिदायत

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक नशा है। नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि परिवार और पूरे समाज को भी प्रभावित करता है। उ रात्रि ठहराव कार्यक्रम में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी, डीडीपीओ बलजीत सिंह चहल, उप सिविल सर्जन डा. प्रमोद शर्मा, उप निदेशक कृषि डा. सुखदेव सिंह, डीएसओ जगदीप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड, बीडीपीओ अमन मित्तल, कार्यकारी अभियंता पंचायती राज गौरव भारद्वाज, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बेनीवाल आदि रहे।

### कच्चा आढ़तियों ने नए लाइसेंस की उठाई मांग

**डबवाली।** विभिन्न खरीद केंद्रों से जुड़े कच्चा आढ़तियों ने मार्केट कमेटी डबवाली के चेयरमैन सतीश जग्गा को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा लाइसेंसों के नवीनीकरण और नए लाइसेंस जारी करने पर लगाए गए प्रतिबंध को तुरंत हटाने की मांग की। आढ़तियों ने बताया कि यह प्रतिबंध केवल व्यापारिक गतिविधियों को ही ठप नहीं करेगा, बल्कि सीधे तौर पर किसानों, मजदूरों और ग्रामीण हितों को भी प्रभावित करेगा। उनके अनुसार, प्रदेशभर के हजारों वैध लाइसेंसधारक आगामी गेहूं और सरसों खरीद सीजन में खरीद-बिक्री के कार्य से वंचित रह जाएंगे। ज्ञापन में कहा गया कि यदि समय रहते लाइसेंसों का नवीनीकरण नहीं हुआ, तो किसानों को अपनी उपज बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा।